अत्यावश्यक
ई-मेल/स्पीड पोस्ट

पत्रांक–2प/पं०स०भ०/09–16/2024/9448/पं०रा०

**बिहार सरकार**

**पंचायती राज विभाग**

प्रेषक,

**नजर हुसैन,**
अपर सचिव

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी,**
भागलपुर।

पटना, दिनांक 29/7/2025

**विषय :– पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के संबंध में।**

**प्रसंग :– शिक्षा विभाग (माध्यमिक शिक्षा कार्यालय), बिहार, पटना का पत्रांक–1191 दिनाक–03.07.2025 एवं आपका पत्रांक–1116 दिनांक–03.05.2023**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विभागीय पत्रांक–6137 दिनांक–15.05.2025 के माध्यम से भागलपुर जिला अंतर्गत बिहपुर प्रखंड के ग्राम पंचायत धरमपुर रत्ती में पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु उच्च माध्यमिक विद्यालय, जयरामपुर, धरमपुर रत्ती, बिहपुर के खाता संख्या–455, खेसरा संख्या–285, रकवा–49 डि० की भूमि का अंतर्विभागीय हस्तांतरण के लिए अनापत्ति/सहमति के बिन्दु पर शिक्षा विभाग, बिहार, पटना से अनुरोध किया गया था।

शिक्षा विभाग (माध्यमिक शिक्षा कार्यालय), बिहार, पटना द्वारा प्रासंगिक पत्र के माध्यम से पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचित किया गया है कि उच्च माध्यमिक विद्यालय, जयरामपुर, धरमपुर रत्ती, बिहपुर, भागलपुर के प्रस्तावित भूमि पर पंचायत सरकार भवन निर्माण से भविष्य में पठन–पाठन एवं खेल–कूद में विभिन्न प्रकार की बाधा आयेगी तथा विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधि प्रभावित होगी। साथ ही भविष्य में विद्यालय में होनेवाले ढाँचागत निर्माण आदि में भी बाधा आ सकती है। इस स्थिति में उक्त भूमि पर पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु निःशुल्क अंतर्विभागीय भूमि हस्तांतरण के बिन्दु पर असहमति व्यक्त की गयी है।

अतः उपरोक्त के आलोक में अनुरोध है कि पंचायत सरकार भवन निर्माण हेतु भागलपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत धरमपुर रत्ती में अन्य उपयुक्त भूमि चयन करने की कार्रवाई की जाय।

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

विश्वासभाजन

ह० 24/7/25
(नजर हुसैन)
अपर सचिव

**ज्ञापांक : 2प/पं०स०भ०/09–16/2024/9448 पं०रा० पटना, दिनांक 29/7/2025**

**प्रतिलिपि :** जिला पंचायत राज पदाधिकारी, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० 24/7/25
(नजर हुसैन)
अपर सचिव

ज्ञापांक : 2प/पं०स०भ०/09–16/2024/9448 पं०रा० पटना, दिनांक 29/7/2025
**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

ज्ञापांक : 2प/पं०स०भ०/09–16/2024/9448 पं०रा० पटना, दिनांक 29/7/2025
**प्रतिलिपि** : आई टी० मैनेजर, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

(नजर हुसैन)
अपर सचिव

(61)

सचिव
पंचायती राज विभाग
गोपनीय कोषांग
ई-ऑफिस डायरी सं0 4326670
10/7/25

पत्रांक– 03/मा0शि0/अधि0– 532/2025. 1191/

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग,
(माध्यमिक शिक्षा कार्यालय)

प्रेषक,

दिनेश कुमार भा0प्र0से0
सचिव–सह– निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

सेवा में,

समाहर्त्ता,
भागलपुर।

पटना, दिनांक– 03/07/2025

विषयः– उच्च माध्यमिक विद्यालय, जयरामपुर, धरमपुररत्ती, बिहपुर, भागलपुर के प्रस्तावित भूमि पर पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु सहमति/अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या– 1116, दिनांक– 03.05.2025 के द्वारा भागलपुर जिलान्तर्गत पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु उच्च माध्यमिक विद्यालय, जयरामपुर, धरमपुररत्ती, बिहपुर, भागलपुर के प्रस्तावित भूमि को हस्तान्तरित करने हेतु अनुरोध किया गया है।

प्रस्तावित भूमि की विवरणी अनुमंडल–नवगछिया, प्रखंड–बिहपुर, पंचायत–धरमपुररत्ती, मौजा–जयरामपुर नन्हकार/11, खाता–455 खेसरा–285 रकवा ए0/डी0–0 ए0 49 डी0 है।

प्राप्त प्रतिवेदन के समीक्षोपरान्त पाया गया कि उच्च माध्यमिक विद्यालय जयरामपुर, धरमपुररत्ती, बिहपुर, भागलपुर के प्रस्तावित भूमि पर पंचायत सरकार भवन निर्माण से भविष्य में पठन–पाठन एवं खेल–कूद में विभिन्न प्रकार की बाधा आएगी तथा विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधि प्रभावित होगी। साथ ही, भविष्य में विद्यालय में होने वाले ढाँचागत निर्माण आदि में भी बाधा आ सकती है।

वर्णित स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त पाया गया कि उच्च माध्यमिक विद्यालय जयरामपुर, धरमपुररत्ती, बिहपुर, भागलपुर की प्रस्तावित/चयनित भूमि पर पंचायत सरकार भवन के निर्माण हेतु निःशुल्क अन्तर विभागीय हस्तान्तरण पर सहमति/ अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने पर असहमति संसूचित किया जाता है।

प्रस्ताव पर माननीय विभागीय मंत्री महोदय का अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

(दिनेश कुमार)
सचिव–सह–निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)

A.S.
निदेशक, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना
11 JUL 2025

ज्ञापांकः– 03/मा0शि0/अधि0– 532/2025. 1191 पटना, दिनांक– 03/07/2025

**प्रतिलिपि–** सचिव, पंचायत राज विभाग, बिहार, पटना /क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, भागलपुर प्रमण्डल, भागलपुर/जिला शिक्षा पदाधिकारी, भागलपुर/प्रधानाध्यापक, उच्च माध्यमिक विद्यालय जयरामपुर, धरमपुररत्ती, बिहपुर, भागलपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सचिव–सह–निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)
आशा 30.6.25